**सब की खबर**

साप्ताहिक

# जनगाथा टाइम्स

■ वर्ष : 05 ■ सोमवार 25 अगस्त से 31 अगस्त 2025 ■ पृष्ठ : 08 ■ मोबाइल: 98140-07163 ■ email: jangathatimes@gmail.com ■ www.jangathatimes.com ■ PUNMUL/2017/75353

**विचार**

किसी घटना या दुर्घटना के लिए भाग्य को दोष देना बंद करें। यदि भाग्य ही सब कुछ होता तो कर्म का कोई महत्व नहीं होता...




# मंडियाला गैस टैंकर ब्लास्ट: होशियारपुर पुलिस की सख़्त कार्रवाई, 2 मुकदमे दर्ज, 4 गिरफ्तार

**जनगाथा न्यूज/होशियारपुर**
**रविंदर**

मंडियाला गांव में हुई दुखद घटना के बाद होशियारपुर पुलिस ने सख़्ती दिखाते हुए 2 मुकदमे दर्ज कर 4 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की जांच में सामने आया कि ये लोग अवैध तरीके से गैस टैंकरों से गैस निकालकर खाली सिलेंडरों में भरते और फिर उन्हें आम लोगों को बेचते



थे। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मौके से 50 एलपीजी गैस सिलेंडर, 9 खाली आयल ड्रम और सिलेंडरों में गैस भरने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली पाइपें बरामद कीं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस तरह का गैर-कानूनी कारोबार न केवल कानून का उल्लंघन है बल्कि आम लोगों की जान को भी गंभीर खतरे में डालता है। गांव मंडियाला में हाल ही में हुए टैंकर ब्लास्ट ने पूरे इलाके में दहशत फैला दी थी। इसी पृष्ठभूमि में पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दोषियों को गिरफ्तार किया और आगे की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि इस तरह के अवैध धंधों में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और जनसुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी।

# पंजाब में बड़ी साजिश नाकाम: हैंड ग्रेनेड, पिस्तौल, मैगजीन... पांच आरोपी गिरफ्तार

**जगरांव.** पंजाब पुलिस ने बड़ी साजिश को नाकाम करते हुए 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से हैंड ग्रेनेड, पिस्तौल, मैगजीन, कारतूस और स्कॉर्पियो गाड़ी बरामद की गई है। पकड़े गए आरोपियों में अर्जन सिंह उर्फ ताज उर्फ चाटू, मनप्रीत सिंह, अमजद मसीह उर्फ बैनी, साजन और बलराज सिंह शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, गिरोह का सरगना अर्जन सिंह उर्फ ताज उर्फ चाटू है। डीएसपी इंदरजीत सिंह ने बताया कि पांचों आरोपियों में अर्जन सिंह उम्र में सबसे छोटा है, लेकिन अपराध की दुनिया में खासा सक्रिय है। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि उन्हें विदेश से नकोदर के एक दुकानदार को निशाना बनाने का टारगेट मिला था। इस वारदात के लिए उन्हें मात्र एक लाख रुपये मिलने वाले थे। पुलिस को शक है कि आरोपी सिधवां बेट क्षेत्र में भी कोई वारदात करने की योजना बना रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ दो अलग-अलग





मामले दर्ज किए हैं। एक मामला पुलिस पर गोली चलाने का है। पुलिस आरोपियों के मोबाइल फोन की जांच कर रही है। इससे विदेशी हैंडलर और उसके गैंग के बारे में जानकारी मिलने की उम्मीद है। आरोपियों को आठ दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस को उम्मीद है कि आरोपियों के कुछ साथी और भी हैं। जिन्होंने अर्जन को हैंड ग्रेनेड व अन्य हथियार उपलब्ध करवाए हैं। पुलिस अब आठ दिनों के रिमांड दौरान एक एक लिंक तलाश करेगी।

**ऐसे पकड़े गए बदमाश**

सिधवां बेट के गांव जंडी में पुलिस ने एक काले रंग की स्कॉर्पियो को रुकने का इशारा किया था। लेकिन गाड़ी चला रहे आरोपी ने कार को भगाने की कोशिश की। तभी पुलिस कर्मी ने गाड़ी के फ्रंट शीशे पर जोर से डंडा मारा, जिससे गाड़ी का सतुलंन बिंगड़ गया और वह पेड़ टकरा कर रुक गई। इसी दौरान आरोपी अमजद मसीह ने गाड़ी से उतर कर पुलिस कर्मी पर गोली चला दी। जोकि उसकी पगड़ी में जाकर लगी। इसी दौरान पुलिस ने आरोपी के पैर पर गोली मारी, जिससे वह घायल हो गया। इसके बाद सभी पांचों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

# आवारा कुत्तों को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद सरकार ने सभी राज्यों को जारी किए आदेश, राज्य सरकारों को दिया अल्टीमेटम

**नई दिल्ली-** सुप्रीम कोर्ट के हालिया आदेश के बाद आवारा कुत्तों की समस्या पर केंद्र सरकार ने सभी राज्यों को आदेश जारी किए है। सभी राज्यों के लिए अनिवार्य कर दिया गया है कि उन्हें कम से कम 70 प्रतिशत कुत्तों की नसबंदी और एंटी-रैबिज टीकाकरण करना अनिवार्य होगा। सरकार में आदेश जारी करते हुए कहा कि हर एक राज्य को हर महीने अपनी प्रगति रिपोर्ट भेजनी होगी, ताकि कार्रवाई केवल कागजों में बंद न रह जाए। पशुपालन मंत्रालय ने सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखकर कहा है कि यदि कोई राज्य पीछे रहा तो उसकी जवाबदेही तय होगी। सर्वोच्च अदालत ने स्पष्ट कहा है कि नसबंदी और टीकाकरण के बाद कुत्तों को उनकी मूल जगह पर ही छोड़ा जाए। इसी निर्देश के अनुरूप केंद्र ने भी अपनी नीति बदली है। केंद्र ने राज्यों को लिखे पत्र में संशोधित पशु जन्म नियंत्रण मॉडल को मानक संचालन प्रक्रिया के रूप में अपनाने को कहा है। बड़े नगरों में भोजन क्षेत्र, चोबीसों



घंटे हेल्पलाइन एवं रैबिज नियंत्रण इकाइयों की स्थापना पर विशेष जोर है, ताकि नसबंदी एवं टीकाकरण का काम बिना रुकावट चलता रहे। इससे अनियंत्रित प्रजनन पर अंकुश लगेगा और नागरिक सुरक्षा में ठोस सुधार होगा। योजना को जमीन पर उतारने के लिए स्थानीय स्वयंसेवी संस्थाओं और आशा कार्यकताओं की भागीदारी भी जरूरी मानी गई है। मोहल्ला-स्तर पर इन्हीं की मदद से कुत्तों की पहचान, मानवीय तरीके से पकड़ना, उपचार, टीकाकरण और पुनःस्थापन का काम तेज होगा। समुदाय की भागीदारी से विवाद भी कम होंगे और निगरानी बेहतर बनेगी।

- नसबंदी और टीकाकरण पर प्रति कुत्ता 800 रुपये तथा प्रति बिल्ली 600 रुपये का अनुदान का प्रबंध किया जाएगा।
- बड़े नगरों में फीडिंग जोन, रैबिज नियंत्रण इकाइयां बनाने एवं आश्रय स्थलों के उन्नयन के लिए अलग से फंड दिया जाएगा।
- छोटे आश्रयों को 15 लाख रुपये और बड़े आश्रयों को 27 लाख रुपये तक सहायता मिलेगी।
- पशु अस्पतालों एवं आश्रयों के लिए दो करोड़ रुपये का एकमुश्त अनुदान दिया जाएगा।

# झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन गिरफ्तार, बेटे को भी पुलिस ने हिरासत में लिया


**रांची :** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और दिग्गज नेता चंपई सोरेन को रविवार को रांची में उनके आवास पर गिरफ्तार किया गया। उनके बेटे बाबूलाल सोरेन को भी पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। यह कार्रवाई चंपई सोरेन द्वारा रिम्स-2 के लिए प्रस्तावित भूमि अधिग्रहण के खिलाफ एक बड़े विरोध प्रदर्शन के ऐलान के बाद की गई, जिसमें वह हजारों समर्थकों के साथ हल चलाने वाले थे। पुलिस प्रशासन ने कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने की आशंका के चलते यह कदम उठाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पूर्व मुख्यमंत्री नगड़ी में रिम्स-2 के लिए अधिग्रहित की जा रही जमीन पर किसानों के समर्थन में हल चलाकर अपना विरोध दर्ज कराने वाले थे। इस कार्यक्रम में भारी भीड़ जुटने की संभावना को देखते हुए पुलिस ने सुबह ही उनके आवास पर पहुंचकर उन्हें घर से बाहर न निकलने के निर्देश दिए। अपनी नजरबंदी



पर प्रतिक्रिया देते हुए पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने इसे अलोकतांत्रिक करार दिया है। उन्होंने कहा, ह्जब डीएसपी साहब ने आकर मुझे आज कहीं भी आने-जाने से मना किया, तो मैं समझ गया कि सरकार ने मुझे रोकने का फैसला कर लिया है। हम प्रशासन के फैसले का उल्लंघन नहीं करेंगे, लेकिन यह सरकार का तानाशाही रवैया है। मैं आदिवासियों और उनके हक की लड़ाई का समर्थन कर रहा हूं, इसीलिए मुझे नजरबंद किया गया है। पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई पूरी तरह से कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए की गई है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि खुफिया सूचनाओं के आधार पर विरोध प्रदर्शन के दौरान शांति भंग होने की आशंका थी। उन्होंने बताया कि चंपई सोरेन के बेटे बाबूलाल सोरेन और रांची की ओर जा रहे उनके कई समर्थकों को भी ऐहतियातन एक थाने में हिरासत में रखा गया है। शहर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं और कई जगहों पर बैरिकेडिंग की गई है। गौरतलब है कि चंपई सोरेन का आरोप है कि रिम्स-2 के निर्माण के लिए नगड़ी में जिस जमीन का अधिग्रहण किया जा रहा है, उसमें नियमों की अनदेखी की गई है। वह लंबे समय से इस अधिग्रहण का विरोध कर रहे हैं और किसानों के अधिकारों की आवाज उठाते रहे हैं।

# निक्की को जिंदा जलाने के आरोपी विपिन भाटी का एनकाउंटर, पुलिस कस्टडी से की भागने की कोशिश

**ग्रेटर नोएडा.** उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में कथित तौर पर पत्नी निक्की को जिंदा जलाने के आरोपी पति विपिन भाटी का पुलिस ने एनकाउंटर किया है। विपिन भाटी की गिरफ्तारी पहले ही हो चुकी थी। रविवार को पुलिस कस्टडी से भागने की कोशिश के दौरान उसका एनकाउंटर हुआ। आरोप है कि विपिन भाटी पुलिस का हथियार छीनकर कस्टडी से भागने की कोशिश कर रहा था। इसी घटनाक्रम में ग्रेटर नोएडा के सिरसा चौराहे के पास मुठभेड़ हुई, जिसमें विपिन भाटी के पैर में गोली लगी। फिलहाल उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। निक्की की शादी 2016



में ग्रेटर नोएडा के कासना थाना क्षेत्र में रहने वाले विपिन भाटी से हुई थी। पिछले दिनों, निक्की को उसके पति और ससुराल वालों ने कथित तौर पर पीटा और फिर जलाकर मार डाला। निक्की के परिजनों का आरोप है कि उसके ससुराल वालों ने उसे ज्वलनशील पदार्थ डालकर जिंदा जलाया। निक्की को उसके बेटे के सामने आग लगाई गई। एडिशनल डीसीपी सुधीर कुमार के अनुसार, पुलिस को फोर्टिस अस्पताल से एक मेमो मिला था, जिसमें बताया गया कि एक लड़की गंभीर रूप से जली हुई हालत में आई है, जहां से उसे सफदरजंग अस्पताल में रेफर किया जा रहा है। इस सूचना पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। हालांकि, निक्की की पहले ही मौत हो चुकी थी।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक, राजेंद्र कुमार के द्वारा न्यू दशमेश प्रिंटसर्ज 178-179, रंजीत नगर, जालंधर, पंजा से छपवाकर जनगाथा कार्यालय शंकर नगर नजदीर रेलवे स्टेशन होशियारपुर से प्रकाशित किया। सम्पादक राजेंद्र कुमार

# खाने की ये 5 चीजें दिलाएंगी मांसपेशियों में खिंचाव से राहत

कई बार भारी व्यायाम करने या ज्यादा मेहनत वाला काम करने से मांसपेशियों में खिंचाव आ जाता है। इसके कारण बदन में दर्द और अकड़न बनी रहती है। कई बार यह थोड़ा ज्यादा तकलीफदेह भी हो जाता है। जो मांसपेशी थकी होती है या कमजोर होती है उसमें खिंचाव होने की संभावनाएं अधिक होती है। यह सही पोषण ना लेने के कारण भी हो सकता है। हालांकि स्ट्रेच और मासज करने से प्रभावित हिस्से में दर्द कम हो सकता है। इसके अलावा आप कुछ खाद्य पदार्थो का सेवन करके भी मांसपेशियों में होने वाली ऐंठन से राहत पा सकते हैं।



### केला

**केला** पोटेशियम का एक अच्छा स्रोत है। पोटेशियम के अलावा इसमें कैल्शियम और मैग्नीशियम भी पाए जाते हैं जो आपकी मांसपेशियों में होने वाले खिंचाव को कम करते हैं।

### नट्स

**नट्स** जैसे अखरोट, बादाम, मूंगफली और बीज आपको मांसपेशियों में ऐंठन और दर्द से बचाव करने में मदद करते हैं। 28 ग्राम बादाम में आपकी दैनिक जरूरत का 20 प्रतिशत मैग्नीशियम पाया जाता है। अन्य नट्स और सीड्स में भी कैल्शियम और मैग्नीशियम अच्छी मात्रा में पाए जाते हैं। इसलिए मांसपेशियों के खिंचाव से बचने के लिए इन्हें अपने आहार में शामिल करें।



### शकरकंद

**एक** पके हुए शकरकंद में 542 मिग्रा पोटेशियम होता है जो आपकी दैनिक जरूरत का 12 प्रतिशत है। पोटेशियम मसल्स के विकास में मदद करता है। इसकी कमी के कारण भी मांसपेशियों में खिंचाव हो सकता है। साथ ही इनमें विटामिन ए भी होता है। आप इनका सेवन गैस पर या ओवन में भून करके भी कर सकते हैं।

### टमाटर

**टमाटर** में पोटैशियम के साथ-साथ पानी की भी अच्छी मात्रा होती है। एक कप टमाटर के जूस के सेवन से आपको दैनिक जरूरत का 15 प्रतिशत पोटैशियम मिलता है। इसलिए शरीर को हाइड्रेट रखने और मांसपेशियों के खिंचाव से बचने के लिए टमाटर को आहार में शामिल करना अच्छा रहता है।

### अंडा

**अंडा** प्रोटीन का अच्छा स्रोत है। इसके अलावा इसमें, अमीनो एसिड ल्यूसिन भी पाया जाता है जो मसल्स बिल्ड करने में मदद करता है।

अंडे शरीर में सूजन और दर्द को कम करते हैं। इनमें एंटीऑक्सीडेंट जैसे सेलेनियम और ल्यूटिन होते हैं।

मच्छर का काटना कितना खतरनाक हो सकता है, यह अब किसी को बताने की जरूरत नहीं है। मगर इस समस्या से पूरी तरह छुटकारा पाना भी संभव नहीं है। बाजार में बिकने वाले मॉस्कीटो रेपेलेंट सेहत के लिए भी खतरनाक होते हैं।

शायद आप नहीं जानते हैं कि इससे बचने के लिए घरेलू उपाय भी किए जा सकते हैं। यह चीजे आपके घर में पूजा की अलमारी या किचन में मिल सकती हैं।



# घर में छिपे मच्छरों से छुटकारा

### क्यों मनाया जाता है वर्ल्ड मॉस्कीटो डे

20 अगस्त को वर्ल्ड मॉस्कीसटो डे मनाया जाता है। इस दिन चिकित्सक सर रोनाल्ड रास ने साल 1896 में यह खोज की थी कि इंसान में मलेरिया जैसी जानलेवा बीमारी के लिए मादा मच्छर जि मेदार है।

**लहसुन**

लहसुन की बदबू से मच्छर इसके पास नहीं आते। इसे पीस कर, पानी में उबाल कर कमरे में छिड़क दें। असर साफ दिखेगा। अगर आपको इसकी बदबू से परेशानी न हो तो यह स्प्रे अपने शरीर पर भी छिड़क सकते हैं।

**नींबू** : बराबर मात्रा में नींबू के तेल और नीलगिरी के तेल लेकर मिश्रण तैयार कर लें, अब इसे शरीर पर लगाएं। इसकी महक से मच्छर आपके आस-पास नहीं भटकेंगे।

**तुलसी :** तुलसी के पौधे को कमरे की खिड़की के पास रख देने से मच्छर भाग जाएंगे। तुलसी न सिर्फ मच्छरों को भगाती है बल्कि उन्हें अंदर आने से भी रोकती है। इसके अलावा आप नींबू और गेंदे का पौधा भी लगा सकते हैं। इनका भी मच्छरों पर ऐसा ही असर होता है।

### कपूर

कमरे में कॉइल की जगह कपूर जलाएं और 15-20 मिनट के लिए छोड़ दें। जब कमरे में वापस जाएंगे तो मच्छरों का नामो-निशान नहीं मिलेगा।

### नीम

इससे मच्छरों को भी भगाया जा सकता है। इसके लिए नीम और नारियल के तेल को बराबर मात्रा में लेकर मिश्रण तैयार कर लें और इसे शरीर पर रगड़ें। इसका असर आठ घंटे तक रहता है।

### लैवेंडर

लैवेंडर की खुशबू इतनी तेज होती है कि मच्छर उसे सूंघ कर काट नहीं पाते हैं। इसलिए कमरे में लैवेंडर का फ्रेशनर इस्तेमाल करेंगे तो मच्छर भी नहीं रहेंगे और कमरा भी महकेगा।



# कोयले पर खाना पकाने से बढ़ सकता है हृदय संबंधी बीमारियों से मौत का खतरा

**भोजन** पकाने के लिए लंबे समय तक कोयला, लकड़ी या चारकोल के इस्तेमाल के कारण हृदय संबंधी बीमारियों से मौत का खतरा बढ़ सकता है। एक नए अध्ययन में इस बात का पता चला है। ब्रिटेन के ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के डेरिक बेनेट ने कहा कि हमारे अध्ययन में यह सुझाव दिया गया है कि जो लोग खाना पकाने के लिये ठोस ईंधन का इस्तेमाल करते हैं, उन्हें जल्द से जल्द बिजली या गैस का इस्तेमाल करना चाहिए।

हृदय या रक्त वाहिकाएं से जुड़ी बीमारियां पूरी दुनिया में लोगों की मौत का एक प्रमुख कारण है। इसमें यह सुझाव दिया गया कि ठोस ईंधन जैसे कोयला, लकड़ी या चारकोल से खाना बनाने से वायु प्रदूषण तो होता ही है, साथ ही इससे हृदय रोग से असमय मृत्यु भी हो सकती है। हालांकि इसके सीमित साक्ष्य हैं।

हालिया अध्ययन में खाना पकाने में इस्तेमाल किए जाने वाले ठोस ईंधन एवं हृदय रोग के बीच संबंध बताया गया है। साथ ही ठोस ईंधन से स्वच्छ ईंधन की ओर से रुख करने के संभावित प्रभाव भी बताए गए हैं। इसमें वर्ष 2004 से 2008 के बीच चीन के 10 इलाकों से 30 से 79 उम्र के 3,41,730 व्यक्तियों को शामिल किया गया। प्रतिभागियों से यह पूछा गया कि वे खाना पकाने के लिये प्राय: किस तरह के ईंधन का इस्तेमाल करते हैं। ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में प्रोफेसर झेंगमिंग चेन ने बताया कि हमें यह पता चला कि भोजन पकाने के लिए लंबे समय तक ठोस ईंधन का इस्तेमाल करने से हृदय संबंधी बीमारियों का अत्यधिक खतरा होता है।

# मंडियाला एलपीजी ब्लास्टः मृतकों की संख्या 7, मजिस्ट्रेट जांच के आदेश, राहत कमेटियां गठित

जनगाथा न्यूज/होशियारपुर
रविंदर



गांव मंडियाला में 22 अगस्त की रात हुए एलपीजी ब्लास्ट में मृतकों की संख्या बढ़कर 7 हो गई है, जबकि 13 लोग अभी उपचाराधीन हैं। तीन घायलों को स्वास्थ्य लाभ मिलने पर अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। मृतकों में सुखजीत सिंह, बलवंत राय, धर्मेंद्र वर्मा, मंजीत सिंह, विजय, जसविंदर कौर और अराधना वर्मा शामिल हैं। घायलों में हरबंस लाल, अमरजीत कौर, सुखजीत कौर, ज्योति, गुरमुख सिंह, हरप्रीत कौर, कुसुम, भगवान दास, सीता, अजय, संजय, राघव और पूजा हैं। डिप्टी कमिश्नर आशिका जैन ने बताया कि हादसे की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश जारी कर दिए गए हैं और अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर को 15 दिन में रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि गैस चोरी रोकथाम के लिए जिला स्तरीय कमेटी गठित की गई है, जिसकी अध्यक्षता जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक करेंगे। यह कमेटी नियमित निरीक्षण कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगी और तेल कंपनियों द्वारा सुरक्षा मानकों की निगरानी करेगी। इसके साथ ही भारी वाहनों की अवैध पार्किंग रोकने के लिए वाहन विनियमन कमेटी बनाई गई है, जिसकी अध्यक्षता संबंधित एसडीएम करेंगे। यह कमेटी संवेदनशील स्थानों की पहचान कर मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई करेगी और सुरक्षित पार्किंग क्षेत्र अधिसूचित करेगी। जिला प्रशासन ने एसडीएम होशियारपुर की अध्यक्षता में विशेष राहत कमेटी भी गठित की है, जिसका दायित्व प्रभावित परिवारों को वित्तीय सहायता, सामग्री व चिकित्सीय राहत पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराना है। डिप्टी कमिश्नर आशिका जैन, एसएसपी संदीप कुमार मलिक और एसडीएम गुरसिमरनजीत कौर ने पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उन्हें आश्वासन दिया कि प्रशासन पूरी गंभीरता से राहत और मुआवजे की प्रक्रिया पूरी करेगा तथा किसी भी पात्र परिवार को सहायता से वंचित नहीं रहने देगा।

# जोनल और जिला स्तरीय मुकाबलों में सेंट सोल्जर स्कूलों की झंडी

## लड़कों और लड़कियों की टीमों ने विभिन्न श्रेणियों में जीते स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक

जनगाथा न्यूज/होशियारपुर
रविंदर



पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा करवाए जा रहे 69वें जोनल और जिला स्तरीय मुकाबलों में सेंट सोल्जर डिवाइन पब्लिक स्कूल चब्बेवाल और सेंट सोल्जर डिवाइन पब्लिक स्कूल गढ़दीवाला के छात्रों ने अपने खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन करते स्वर्ण और रजत पदक जीते। चब्बेवाल स्कूल के प्रिंसिपल अमित ठाकुर ने बताया कि माहिलपुर में करवाए गए जोनल स्तरीय वॉलीबॉल अंडर-17 लड़कों के मुकाबले में उनकी ने पहले स्थान पर रहते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। ऐसे ही अंडर-17 लड़कियों के खो-खो मुकाबले में उनकी टीम ने प्रथम स्थान पर रहते हुए स्वर्ण पदक जीता। इसके अलावा अंडर-14 लड़कियों के खो-खो मुकाबले में उनकी टीम ने तीसरे स्थान पर रहते हुए कांस्य पदक जीता है। सेंट सोल्जर डिवाइन पब्लिक स्कूल गढ़दीवाला के प्रिंसिपल रुपिंदरजीत सिंह ने बताया कि जिला स्तरीय वॉलीबॉल लड़कों के मुकाबले उनकी टीम में ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए दूसरे स्थान पर रहते हुए रजत पदक जीता है। प्रिंसिपल ठाकुर और रुपिंदरजीत सिंह ने विजेता छात्रों को सम्मानित हुए कहा कि यह उत्कृष्ट प्रदर्शन पूरे स्कूल स्टाफ के विशेष योगदान का नतीजा है। उन्होंने छात्रों की इस उपलब्धि के लिए उनके अभिभावकों को भी बधाई दी।






# स्पेशल बच्चों को भी जिंदगी में आगे बढने के मौके मिलने जरूरी-रजिंदर अग्रवाल



स्पेशल बच्चों के साथ मेहमान और सोसायटी के मैंबर।

जनगाथा न्यूज/होशियारपुर
रूपिंदर

जिला एंव सैशन जज रजिंदर अग्रवाल और चीफ जयूडिशियल मेजिस्ट्रेट कम सेकेटरी जिला लीगल सर्विस नीरज गोयल की तरफ से जे.एस.एस. आशा किरन स्पेशल स्कूल जहानखेला का दौरा किया और इस दौरान स्कूल में पढाई कर रहे स्पेशल छात्रों के साथ समय बिताया किया गया, दोनो मेहमानों की तरफ से आशादीप वैलफेयर सोसायटी के कार्यों की सराहना करते हुए कहा गया कि स्पेशल बच्चों को भी दूसरे बच्चों की तरह जीवन में आगे बढने के मौके मिलने चाहिए और हमे इस बात की खुशी है कि आशा किरन स्पेशल स्कूल में स्पेशल बच्चों को ऐसा माहौल मिल रहा है जो उन्हे जीवन में आगे बढने के लिए मददगार है। इस मौके परमजीत सिंह सचदेवा की तरफ से दोनो मेहमानों को स्कूल के प्रति पूरी जानकारी दी गई। इस मौके आशादीप वैलफेयर सोसायटी के प्रधान हरबंस सिंह और सेकेटरी कर्नल गुरमीत सिंह ने बताया कि हर हफते शनिवार को स्कूल के अंदर स्पेशल बच्चों में अलग-अलग खेल मुकाबले करवाए जाते है जो कि इन बच्चों के मानसिक विकास को बढाते है, इस समय मेहमानों की तरफ से बच्चों के साथ एक्टिविटी में भाग भी लिया गया। इस मौके मलकीत सिंह महेड़ु, हरमेश तलवाड़, बरिंदर कुमार कोर्स-कोआरडीनेटर, प्रिंसीपल शैली शर्मा, वाइस प्रिंसीपल इंदू बाला भी मौजूद रहे।

# माता सुदेश जैन की आंखो से दो अंधेरी जिंदगियों को मिलेगी रोशनीः संजीव अरोड़ा

**जनगाथा न्यूज/होशियारपुर रविंदर**

जैन कॉलोनी निवासी 75 वर्षीय माता सुदेश जैन के निधन उपरान्त उनके पारिवारिक सदस्यों जतिंदर जैन, रशमी जैन, अजय जैन, अंशु जैन ने अपनी माता के नेत्र रोटरी आई बैंक के माध्यम से थिंड आई हॉस्पिटल को दान कर दिए। दान लेने की प्रक्रिया को डॉक्टर अमनिंदर सिंह व उनकी टीम गुरप्रीत सिंह व अमनदीप सिंह ने पूरा किया।

इस अवसर पर रोटरी आई बैंक के प्रधान व चेयरमैन जे. बी. बहल ने परिवार का धन्यवाद करते हुए कहा कि माता सुदेश जैन की आंखों से दो अंधेरी जिंदगी जी रहे व्यक्तियों को रोशनी मिलेगी। क्योंकि एक व्यक्ति द्वारा दान की आंखें दो व्यक्तियों को लगाई जाती है।और संजीव अरोड़ा ने



कहा कि सोसाइटी द्वारा चलाई जा रही जागरूकता से नेत्रदान मुहिम को जनता का भरपूर सहयोग मिल रहा है तथा अब लोग चाहने लगे हैं कि संसार छोड़ कर जाने वाले उनके अपनो की आंखे उनके जाने के बाद भी संसार को देखती रहें। अरोड़ा ने बताया कि हमारी आंखें मरणोपरांत 6 से 8 घंटे तक जीवित रहती हैं।अगर इन्हे समय पर निकाल कर किसी दूसरे को लगा दिया जाय तो कॉर्नियल अंधेपन से पीड़ित व्यक्ति फिर से इस संसार को देख सकता है। इस मौके जतिंदर जैन, रशमी जैन, अजय जैन, अंशु जैन ने बताया कि उनकी माता की इच्छा थी कि उनके मरणोपरांत उनकी आंखे दान कर दी जाए , इसलिए उनकी इच्छा को मुख्य रखते हुए परिवार की ओर से आंखे दान कर दी गई। इस अवसर पर भाविक जैन, लवेश जैन सोसाइटी की ओर से मदन लाल महाजन, विजय अरोड़ा, ईशान जैन व अन्य उपस्थित थे।

## रोटरी क्लब होशियारपुर मिड टाउन की बैठक में समाज सेवा के नए संकल्प

**जनगाथा न्यूज/होशियारपुर रूपिंदर**

रोटरी क्लब होशियारपुर मिड टाउन की विशेष बैठक अध्यक्ष अवतार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई।बैठक में निर्णय लिया गया कि क्लब स्वास्थ्य जांच शिविर, रक्तदान शिविर, शिक्षा प्रोत्साहन, पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता अभियानों को प्राथमिकता देगा। जरूरतमंद विद्यार्थियों को शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराने और वंचित परिवारों की मदद करने पर भी बल दिया गया। अध्यक्ष ने कहा



कि क्लब समाज के पिछड़े वर्गों तक सहायता पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है।सदस्यों ने सामूहिक प्रयासों से गतिविधियों को और प्रभावशाली बनाने का संकल्प लिया। बैठक में क्लब के पदाधिकारियों और सदस्य पर्वीन पलियाल, इंदरपाल सिंह सचदेवा, पर्वीन पब्बी, जतिंदर कुमार, मनोज ओहरी, जे. एस. भोगल, डी. पी. कथूरिया, एल. एन. वर्मा, एच. एस. ओबेरॉय, सतीश गुप्ता, संदीप शर्मा और जगमीत सिंह सेठी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## मंडियाला हादसे के पीड़ितों को हर संभव मदद दे सरकार-लाली बाजवा

**जनगाथा न्यूज/होशियारपुर रविंदर**

बीती देर रात होशियारपुर-जालंधर मार्ग पर पड़ते अड्डा मंडियाला में एलपीजी गैस टैंकर और एक अन्य वाहन के बीच हुई टक्कर के बाद लगी आग में जान गंवाने वालों के परिवारों के साथ अकाली दल अपनी संवेदना व्यक्त करता है। यह बात जिला अकाली दल शहरी के अध्यक्ष जतिंदर सिंह लाली बाजवा ने कही। उन्होंने आगे कहा कि इस हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए लोगों के इलाज में कोई कमी नहीं आनी चाहिए और यह जिंमेवारी राज्य की मौजूदा आप सरकार की है।



लाली बाजवा।

लाली बाजवा ने कहा कि अकाली दल के नेता और कार्यकर्ता पीड़ित परिवारों की हर संभव मदद जरूर करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार को निजी अस्पतालों में इलाज करवा रहे घायलों पर भी ध्यान देने की जरूरत है। लाली बाजवा ने कहा कि रात को हुए हादसे के बाद सरकारी मशीनरी घायलों को समय पर अस्पताल पहुंचाने में नाकाम रही है, जिससे आप सरकार को सबक सीखने की जरूरत है।

# माहिलपुर वी.डी.पी.ओ घोटालाः टुलु पम्प और स्टेशनरी की खरीद में भ्रष्टाचार का आरोप, तीक्ष्ण सूद ने की न्यायिक जांच की मांग

**जनगाथा न्यूज/होशियारपुर रविंदर**

पूर्व कैबिनेट मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता तीक्ष्ण सूद ने पंचायती राज विभाग में हो रहे बड़े स्तर के भ्रष्टाचार पर गंभीर चिंता जताते हुए माहिलपुर ब्लॉक के वी.डी.पी.ओ को तत्काल बर्खास्त करने और मामले की न्यायिक जांच की मांग की है। सूद ने कहा कि वी.डी.पी.ओ कार्यालय माहिलपुर लंबे समय से भ्रष्टाचार के अड्डे के रूप में चर्चा में है। उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा वी.डी.पी.ओ द्वारा किए गए भ्रष्टाचार के कई मामले मीडिया में उजागर हुए हैं, जिनमें से अधिकांश प्रथम दृष्टया आपराधिक प्रतीत होते हैं। उन्होंने बताया कि कुछ समय पहले स्टेशनरी की खरीद में तीन गुना दाम लगाकर विभाग को भारी नुकसान पहुंचाया गया। बाजार में 1000-1500 रुपये में मिलने वाली स्टेशनरी को 7000 रुपये में खरीदा गया, लेकिन उस घोटाले पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। सूद ने आगे कहा कि अब नया स्कैंडल सामने आया है जिसमें माहिलपुर के 14



गांवों के छप्पड़ों से पानी की निकासी के लिए खरीदे गए टुलु पम्प बाजार भाव 35-40 हजार रुपये के बजाय 95 हजार रुपये प्रति पम्प की दर से खरीदे गए हैं। उन्होंने आम आदमी पार्टी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भ्रष्टाचार खत्म करने के बड़े-बड़े दावे करने वाली सरकार अपने कार्यकाल में इस तरह के घपलों पर न तो कोई सफाई देती है और न ही विजिलेंस से जांच करवाती है। इससे आम आदमी पार्टी के स्थानीय नेता भी सवालों के घेरे में हैं। सूद ने हैरानी जताई कि भ्रष्टाचार में लिप्त पाए गए वी.डी.पी.ओ को न केवल पद पर बनाए रखा गया है बल्कि अतिरिक्त चार्ज भी दिया जा रहा है। उन्होंने मांग की कि सरकार तुरंत माहिलपुर वी.डी.पी.ओ को बर्खास्त करे और इस पूरे मामले की जांच हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त जज से करवाई जाए ताकि सरकारी खजाने को नुकसान पहुंचाने वाले जिम्मेदार लोगों पर सख्त कार्रवाई हो सके।

# पुरहीरा में बरसाती पानी की समस्या का होगा स्थायी समाधान : ब्रम शंकर जिम्पा

**● विधायक ने पुरहीरा में नाले के निर्माण का रखा नींव पत्थर ● नगर निगम की ओर से मुख्य सड़कों पर 3 करोड़ की लागत से विकास कार्य करवाए जाएंगे**

**जनगाथा न्यूज/गढ़शंकर/होशियारपुर**
**हैप्पी कलेर**

विधायक ब्रम शंकर जिम्पा ने आज वार्ड नंबर 19 के पुरहीरा क्षेत्र में बरसाती पानी की निकासी हेतु बनने वाले नाले का नींव पत्थर रखकर इस क्षेत्र के लंबे समय से चली आ रही समस्या का समाधान करने की दिशा में कदम उठाया। उन्होंने बताया कि पुरहीरा की एक गली मुख्य सड़क से काफी नीचे स्थित होने के कारण बरसात के मौसम में यहां पानी भरकर लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। पानी की निकासी का कोई स्थायी साधन न होने के चलते न केवल लोगों का आना-जाना बाधित होता था, बल्कि स्थानीय निवासियों को स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतों का भी खतरा बना रहता था। उन्होंने कहा कि जनता की समस्या को देखते हुए इस इलाके में नाले के निर्माण का निर्णय लिया गया है, जिस पर लगभग 40 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। विधायक जिम्पा ने बताया कि यह कार्य स्थानीय निवासियों को स्थायी राहत देने में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार और नगर



निगम जनता की सुविधा और विकास के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। इसी कड़ी में नगर निगम की ओर से शहर की मुख्य सड़कों को बेहतर बनाने के लिए 3 करोड़ रुपए की लागत से कार्य करवाए जाएंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि जनता को किसी भी विकास कार्य के लिए इंतजार नहीं करना पड़ेगा और उनकी सभी बुनियादी जरूरतों को प्राथमिकता पर पूरा किया जाएगा। इस अवसर पर मेयर सुरिंदर कुमार, पार्षद जसवंत काला, कुश शारदा, सूरज मोहन शारदा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे।

# कोलोराडो डेयरी फार्म हादसा: 6 लोगों की मौत, जांच जारी

**जनगाथा न्यूज/**
**डेनवर (कोलोराडो)**

डेनवर से लगभग 30 मील उत्तर में स्थित एक डेयरी फार्म पर हुए रहस्यमयी हादसे ने इलाके में सनसनी फैला दी है। दक्षिण-पूर्व वेल्ड फायर प्रोटेक्शन डिस्ट्रिक्ट के अधिकारियों ने बताया कि घटनास्थल से छह लोगों के शव बरामद किए गए हैं। हादसे के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है और मामले की जांच जारी है। जिला फायर चीफ टॉम बीच ने बताया कि शाम 6 बजे रेस्क्यू टीम को घटनास्थल पर भेजा गया। दुर्भाग्यवश टीम ने सभी छह लोगों को मृत पाया। उन्होंने कहा कि इस समय तक घटनास्थल पर किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि के संकेत नहीं मिले हैं। स्थानीय अधिकारियों का कहना है कि हादसे के




पीछे तकनीकी कारण, उपकरणों की खराबी या अन्य दुर्घटना की संभावना को गंभीरता से जांचा जा रहा है। फार्म और आसपास के इलाके में सुरक्षा मानकों की समीक्षा की जा रही है। स्थानीय निवासी भी इस हादसे से स्तब्ध हैं। कई लोग प्रभावित परिवारों के लिए मुआवजे और सहायता की मांग कर रहे हैं। इस बीच प्रशासन ने यह सुनिश्चित किया है कि जांच पूरी पारदर्शिता के साथ होगी और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी, यदि हादसे में किसी प्रकार की लापरवाही पाई जाती है। विशेषज्ञों का मानना है कि डेयरी फार्म जैसी जगहों पर सुरक्षा उपायों और कर्मचारियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देना बेहद जरूरी है। हादसा न केवल परिवारों के लिए दुखद है बल्कि स्थानीय कृषि और डेयरी उद्योग में भी चिंता का विषय बन गया है। अधिकारियों ने जनता से अपील की है कि जांच पूरी होने तक अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध जानकारी की रिपोर्ट तुरंत पुलिस या फायर डिपार्टमेंट को दें।

# होशियारपुर ब्लॉक-2: लेबर पार्टी ने मजदूरों की बकाया मजदूरी के लिए चौथी बार डिप्टी कमिश्नर को सौंपा मांग पत्र

**जनगाथा न्यूज/होशियारपुर**
**रविंदर**

लेबर पार्टी ने ब्लॉक-2 के अंतर्गत गांवों में मजदूरों द्वारा किए गए काम की बकाया मजदूरी दिलाने के लिए चौथी बार डिप्टी कमिश्नर (विकास) श्री निकास कुमार को मांग पत्र सौंपा। पार्टी अध्यक्ष जय गोपाल धीमान और साथी राम ने आरोप लगाया कि संबंधित पंचायती सचिव और जेई जानबूझकर मजदूरों की मजदूरी देने में आनाकानी कर रहे हैं। धीमान ने बताया कि पहले 20 फरवरी और 20 अप्रैल 2025 को भी डिप्टी कमिश्नर और उनके कार्यालय को बकाया मजदूरी दिलाने के लिए पत्र दिए गए, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि ब्लॉक-2 के कार्यालय में अधिकारियों द्वारा नियमों और संवैधानिक मयार्दा की अवहेलना की जा रही है। उन्होंने बताया



कि 2024 में पंचायतों के भंग होने के बाद 8 गांवों–फुगलाना, राजपुर, मुख्यलियाणा, पदमा, हुकड़ां, पट्टी, बोहन और खेरा–में मजदूरों और मिस्त्रियों ने कार्य किया, लेकिन उनकी कुल मजदूरी लगभग 7-8 लाख रुपये अब तक नहीं दी गई। धीमान ने कहा कि ठेकेदार और जेई श्री गुरदीप सिंह के ध्यान में यह मामला कई बार लाया गया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसी तरह, पंचायत सचिव बलविंदर कुमार और मुकेश कुमार को भी मजदूरों की शिकायत की जानकारी दी गई, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि मजदूरों की मजदूरी न देना लेबर एक्ट का उल्लंघन और गैर-संवैधानिक है। सरकार लगातार पंचायतों में विकास कार्यों के लिए पैसा भेज रही है, लेकिन मजदूरों को मेहनत का हक नहीं मिल रहा, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति प्रभावित हो रही है। धीमान ने सरकार से मांग की है कि संवैधानिक मयार्दा का उल्लंघन करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए और मजदूरों को तुरंत न्याय और बकाया मजदूरी दिलाई जाए।

# 69वें ज़िला स्कूल खेलों में लड़कियों का शानदार प्रदर्शन

**जनगाथा न्यूज/होशियारपुर**
**रविंदर**

पंजाब सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 69वें पंजाब स्कूल खेलों के अंतर्गत ज़िला कराटे टूर्नामेंट 2025-26 का आयोजन 21 से 24 अगस्त तक लाजवंती स्टेडियम में किया गया। इस टूर्नामेंट में अंडर 14, 17 और 19 आयु वर्ग की लड़कियों के लिए विभिन्न भार और वर्गों में प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। टूर्नामेंट में होशियारपुर ज़िले के 16 जोनों से विजेता खिलाड़ी शामिल हुए। प्रबलीन कौर, सिमरन कौर और डिंपल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। रिया, आरती, अमनदीप कौर, मुस्कान सहित कई खिलाड़ियों ने दूसरा स्थान हासिल किया। वहीं, गुरलीन सरोया, अंजलि, हरमनजीत कौर और अन्य ने तीसरा



स्थान प्राप्त किया। मुख्य अध्यापिका दीप्ति ढिल्लों ने बताया कि प्रथम स्थान हासिल करने वाली खिलाड़ी राज्य स्कूल खेलों में होशियारपुर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी। इस अवसर पर मनजीत कौर, प्रिया, जगमोहन विज, सुच्चा सिंह, दलवीर सिंह, जसवीर सिंह, प्रेम कुमार, सुनीता, आदित्य बख्शी, आरती और मनोज कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

# अमेरिका के नए टैरिफ नियम पर मचा बवाल, भारत के बाद ब्रिटेन, जर्मनी और फ्रांस ने भी रोकीं डाक सेवाएं

**नई दिल्ली.** अमेरिका के एक नए टैरिफ नियम को लेकर दुनिया भर के देशों में असमंजस की स्थिति बन गई है, जिसके चलते भारत के बाद कई बड़े यूरोपीय देशों ने अमेरिका के लिए अपनी डाक पार्सल सेवाओं को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है। इन देशों में ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, नीदरलैंड और ऑस्ट्रिया जैसे देश शामिल हैं। दरअसल, अमेरिका के पूर्व ट्रम्प प्रशासन ने इसी साल 30 जुलाई को एक आदेश जारी किया था, जिसके तहत विदेशों से आने वाले 800 डॉलर (लगभग 70 हजार रुपए) तक के सामान पर मिलने वाली टैरिफ छूट को खत्म कर दिया गया है। यह नया नियम 29 अगस्त से लागू होना है। हालांकि, इस नए टैरिफ को कैसे वसूला जाएगा और इसकी प्रक्रिया क्या होगी, इसे लेकर अमेरिका की ओर से कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई है। इसी भ्रम की स्थिति के कारण दुनिया भर की डाक सेवाओं ने पार्सल भेजने पर रोक लगा दी है। भारत के



डाक विभाग ने 23 अगस्त को एक प्रेस नोट जारी कर जानकारी दी कि 25 अगस्त से अमेरिका के लिए भेजे जाने वाले अधिकांश डाक सामानों की बुकिंग अस्थायी रूप से सस्पेंड कर दी जाएगी। संचार मंत्रालय के अनुसार, अमेरिका की ओर से टैरिफ लागू करने और उसे वसूलने की प्रक्रिया साफ नहीं होने के कारण यह फैसला लिया गया है। स्थिति स्पष्ट होने के बाद ही सेवाओं को फिर से बहाल किया जाएगा। यूरोप में भी अमेरिका के लिए पार्सल भेजने पर लगभग पूरी तरह से रोक लग गई है। यूरोपीय डाक संगठन ह्वपोस्ट यूरोपह्व ने इसका मुख्य कारण नए टैरिफ नियमों पर स्पष्टता का अभाव बताया है। जर्मनी की डॉयचे पोस्ट, ब्रिटेन की रॉयल मेल और इटली की डाक सेवाओं ने अमेरिका के लिए अपनी सेवाएं निलंबित कर दी हैं, जबकि ब्रिटेन ने तो अतिरिक्त शुल्क लगाने का भी ऐलान किया है। फ्रांस और नीदरलैंड ने भी टैरिफ वसूली की प्रक्रिया साफ न होने तक पार्सल भेजने से इनकार कर दिया है, जिससे यह एक महाद्वीपीय मुद्दा बन गया है।

# धर्मस्थल सामूहिक दफन कांड: कर्नाटक की धरती से उठा रहस्य, एसआईटी की गिरफ्त में पूर्व सफाई कर्मचारी से खुल सकते हैं बड़े राज

**धर्मस्थल (कर्नाटक)।** कर्नाटक के धार्मिक और सांस्कृतिक रूप से प्रतिष्ठित स्थल धर्मस्थल में इन दिनों एक ऐसा मामला सुर्खियों में है जिसने पूरे राज्य को हिलाकर रख दिया है। सामूहिक दफन कांड के नाम से चर्चित यह मामला तब सामने आया जब एक पूर्व सफाई कर्मचारी ने दावा किया कि उसे वर्षों तक दबाव डालकर हत्या के शिकार लोगों के शव गुपचुप तरीके से दफनाने पर मजबूर किया गया। अब विशेष जांच दल (रक्ळ) ने इस व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है और पूछताछ का दायरा लगातार बढ़ाया जा रहा है।

### पवित्र स्थल से अपराध की गंध

धर्मस्थल, जिसे कर्नाटक में धार्मिक आस्था और सामाजिक सेवा के केंद्र के रूप में जाना जाता है, आज एक गहरे अपराध के आरोपों में घिरा हुआ है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं के लिए यह खबर अविश्वसनीय से कम नहीं है। लेकिन रक्ळ के हाथ लगी शुरूआती जानकारी ने साबित कर दिया है कि मामला केवल अफवाहों का नहीं, बल्कि संगठित अपराध की ओर इशारा करता है।

### कबूलनामे ने चौंकाया

गिरफ्तार सफाई कर्मचारी ने पूछताछ के दौरान माना कि उसे स्थानीय प्रभावशाली लोगों ने वर्षों तक धमकाकर शव दफनाने पर मजबूर किया। उसका दावा है कि यह काम एक सुनियोजित तरीके से होता रहा और वह केवल आदेशों का पालन करता रहा। उसने यह भी संकेत दिए हैं कि इसमें कुछ स्थानीय प्रभावशाली लोग शामिल थे जो आज भी स्वतंत्र घूम रहे हैं।

### रक्ळ की गहन जांच

राज्य सरकार ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत रक्ळ का गठन किया। जांच टीम ने आरोपी को हिरासत में लेकर लगातार



कई घंटे पूछताछ की। सूत्र बताते हैं कि आरोपी ने कई अहम नाम और स्थानों का जिक्र किया है। रक्ळ अब उन संभावित जगहों की तलाश कर रही है जहां कथित तौर पर शव दफनाए गए थे। एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, ह्वयह मामला बेहद संवेदनशील है। हमारे सामने चुनौती केवल अपराधियों तक पहुँचना नहीं, बल्कि समाज में फैले भय और अविश्वास को दूर करना भी है।

### रहस्यमयी गुमशुदगियों से कनेक्शन

धर्मस्थल और आसपास के इलाकों से बीते वर्षों में कई गुमशुदगी की घटनाएँ सामने आई थीं। स्थानीय पुलिस अक्सर इन्हें व्यक्तिगत विवाद या पलायन के मामले बताकर फाइलें बंद कर देती थी। लेकिन अब जब सामूहिक दफन का मामला सामने आया है तो उन पुराने केसों की फाइलें फिर से खोली जा रही हैं। जांचकर्ताओं का मानना है कि इन गुमशुदगियों का सीधा संबंध इस कांड से हो सकता है।

समाज में आक्रोश और भय
स्थानीय लोगों का कहना है कि धर्मस्थल जैसे धार्मिक स्थल से इस तरह की खबर सामने आना बेहद शर्मनाक है। लोगों में भय व्याप्त है कि उनके अपने गुमशुदा रिश्तेदार कहीं इसी कांड का हिस्सा तो नहीं बन गए। कई सामाजिक संगठनों ने न्यायिक जांच की मांग की है और कहा है कि रक्ळ को राजनीतिक या प्रशासनिक दबाव से मुक्त रखकर पूरी सच्चाई सामने लानी चाहिए।

विशेषज्ञों की राय
क्रिमिनोलॉजिस्ट डॉ. अर्चना देव का कहना है कि ह्वभारत में इस तरह के मामले बेहद दुर्लभ हैं। सामूहिक दफन आम तौर पर युद्ध, आपदा या दंगों से जुड़े होते हैं। लेकिन किसी धार्मिक स्थल के इर्द-गिर्द इस तरह का आरोप लगना न केवल अपराध की गंभीरता दशार्ता है बल्कि सत्ता और अपराध के गठजोड़ की ओर भी इशारा करता है।

वहीं समाजशास्त्री प्रो. जगदीश हेगड़े का कहना है, ह्वयह घटना समाज में भरोसे के संकट को जन्म देती है। जब धार्मिक स्थल पर इस तरह की आशंकाएँ उठेंगी तो आम जनता का विश्वास हिलना तय है।

सरकार की सख्त प्रतिक्रिया
मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया है कि जांच किसी भी हाल में अधूरी नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने रक्ळ को पूरी छूट दी है और कहा है कि चाहे कितने भी बड़े नाम इसमें क्यों न शामिल हों, किसी को छोड़ा नहीं जाएगा। सरकार ने संकेत दिए हैं कि अगर जरूरत पड़ी तो केंद्र सरकार की एजेंसियों से भी सहयोग लिया जाएगा।

### मीडिया की पैनी नजर

कर्नाटक के प्रमुख अखबारों और टीवी चैनलों ने इस खबर को बड़े पैमाने पर कवर किया है। सोशल मीडिया पर भी इस कांड की चर्चाएँ जोरों पर हैं। #MassBurialCase और #Dharmasthala ट्रेंड कर रहे हैं। लोगों की प्रतिक्रियाएँ गुस्से और हैरानी से भरी हुई हैं।

# मनीषा कोइराला से बहुत कुछ सीखा, मां-बाप ने सिखाया प्यार के लिए दुनिया से लड़ना : श्रेया चौधरी



टीटी ने कई नए कलाकारों को न केवल अभिनय की जमीन दी, मगर साथ ही नई-नई भूमिकाओं में एक्सपेरिमेंट करने का हौसला भी। ऐसे ही कलाकारों में एक अभिनेत्री हैं श्रेया चौधरी, जो इन दिनों वेब सीरीज 'बंदिश बैंडिट्स के सीजन 2' से चर्चा में हैं। अपनी इस सीरीज में उन्हें नसीरुद्दीन शाह और दिव्या दत्ता जैसे प्रतिभाशाली कलाकारों के साथ काम करने का मौका मिला है, मगर वे इससे पहले मनीषा कोइराला के साथ डियर माया में काम कर चुकी हैं। उनका कहना है कि मनीषा कोइराला से उन्होंने बहुत कुछ सीखा। वे कहती हैं, 'मैं उस वक्त काफी नई थी। 2017 की बात है। मैं जब पहले दिन सेट पर पहुंची, तो बहुत नर्वस थी। मैंने देख कि मेरे सामने एक ऐसी अभिनेत्री खड़ी हैं, जिन्होंने अपने जीवन में सब कुछ अचीव कर लिया है। कई उतार-चढ़ाव देखे हैं, मगर सेट पर उनकी विनम्रता देखते बनती थी। वे मुझसे इतने प्यार से मिलीं कि मैं तो एकदम अभिभूत हो गई। वे रोजाना सेट पर अपनी पूरी रिहर्सल करतीं। उन्होंने कभी ये नहीं जताया कि वे बड़ी अभिनेत्री हैं। अपनी इस सीरीज में मैं नसीर सर, दिव्या और शीबा मैम (दिव्या दत्ता और शीबा) के साथ काम कर चुकी हूं। जितने भी बड़े आर्टिस्ट हैं, उनमें एक बात मैंने जरूर देखी है कि वे सेट पर ऐसे आते हैं, जैसे पहली बार अभिनय करने आए हों। इन सभी कलाकारों में मैंने बच्चों-सी उत्सुकता देखी। वही जिज्ञ-ासा, जो पहली बार होती है। मुझे लगता है कि यही बातें इन्हें बड़ा कलाकार बनाती हैं।'

**इम्तियाज अली सर की हीरोइन बनना चाहती हूं**

बहुत कम लोग जानते हैं कि श्रेया इम्तियाज अली निर्देशित शॉर्ट फिल्म,'द अदर वे' में काम कर चुकी हैं। वे कहती हैं, ' इम्तियाज अली सर ही थे, जिन्होंने मुझे यकीन दिलाया कि मैं अभिनेत्री बन सकती हूं और सही राह पर हूं। मैंने उनसे अभिनय की बारीकियां सीखी और मेरी दिली इच्छा है कि इम्तियाज सर की फिल्मों की हीरोइन बनूं। मैं कोलकाता से हूं और हमेशा से अभिनेत्री बनना चाहती थी, मगर मेरा यकीन पुख्ता करने में इम्तियाज सर का बहुत बड़ा हाथ रहा। जल्द ही मैं बोमन इरानी निर्देशित मेहता बॉयज में नजर आऊंगी। मेरा रोल काफी दिलचस्प है। मैं फिल्म को लेकर काफी उत्सुक हूं।'

**मेरी मां ने दिए प्यार को लेकर टिप्स**

ब्यूटी पेजेंट्स में कई टाइटल जीत चुकी श्रेया अपनी हालिया सीरीज बंदिश बैंडिट्स में सिंगर तमन्ना का किरदार निभा रही हैं, जो अपनी संगीत की विरासत के बावजूद एक जुनूनी प्यार में पड़ जाती हैं। उनसे जब पूछा जाता है कि वे किस तरह के प्यार में यकीन करती हैं? क्योंकि आज प्यार ने बहुत मॉडर्न रूप ले लिया है, तो वे कहती हैं, 'मेरे सामने प्यार का सबसे खूबसूरत रूप मेरे माता-पिता हैं, जो अलग कास्ट से आते हैं। जब उन्होंने प्यार किया, तो उनकी शादी के लिए उनके परिवार कत्तई राजी नहीं थे, मगर वे अपने प्यार पर अडिग रहे और वे आज भी साथ हैं। मेरी मां ने मुझे और मेरे भाई को प्यार को लेकर एक सलाह दी कि कभी भी किसी से प्यार करना, तो इतना करना कि उसके लिए पूरी दुनिया से लड़ सको। मेरे पैरेंट्स के कारण प्यार को लेकर मेरी सोच जुनूनी और ओल्ड स्कूल है। मैं उसी तरह का प्यार करती हूं, मगर हां, आज की तारीख में मैं प्यार के बजाय अपने करियर पर ध्यान देना चाहती हूं। मैं एक ओल्ड स्कूल लवर हूं।'

**साभार न.भ ट से**